हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, रविवार 18 अक्टूबर 2026

13 संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रदेश व केंद्र सरकार का पुतला...



14 खेलकूद प्रतियोगिताओं में दिखाया ...



खबर संक्षेप

नोजल चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

चरखी दादरी। खेतों में सिंचाई पाइप लाइन से नोजल चोरी के मामले में दादरी पुलिस ने दो आरोपितों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान दगड़ौली निवासी मंजीत और शिव कुमार उर्फ कालिया के रूप में हुई। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की 10 एल्युमिनियम नोजल और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। शिकायतकर्ता अनिल के खेत से 14 नोजल चोरी हुई थीं।

रावलधी चौक पर नाकाबंदी कर 75 वाहनों को जांचा

चरखी दादरी। अपराध नियंत्रण और नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए दादरी पुलिस ने रावलधी चौक पर रातभर नाकाबंदी अभियान चलाया। इस दौरान 75 वाहनों की जांच की गई और यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर छह वाहनों के चालान काटे गए। संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे पांच लोगों से पूछताछ भी की गई। डीएसपी धीरज कुमार के नेतृत्व में 16 पुलिसकर्मियों ने वाहनों के दस्तावेज जांचे और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी।

ट्यूबवेल की केबल चोरी का आरोपित गिरफ्तार

चरखी दादरी। गांव रावलधी के खेतों से ट्यूबवेल की बिजली केबल चोरी करने के मामले में सदर थाना पुलिस ने गांव कलियाणा निवासी अजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित से चोरी की केबल और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की। शिकायतकर्ता सुरेंद्र ने 15 अक्टूबर को केबल चोरी होने की सूचना दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर एक दिन के रिमांड पर लिया। मामले में आगामी कार्रवाई जारी है।

अवैध देशी कट्टे व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

चरखी दादरी। सीआईए स्टाफ-द्वितीय की टीम ने अवैध हथियार रखने के आरोप में गांव कलियाणा निवासी अंकित उर्फ पहलवान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से देशी कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपित हुड्डा सेक्टर-8/9 में कलियाणा रोड के पास मौजूद है। तलाशी में हथियार मिलने पर थाना शहर दादरी में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

अवैध देशी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

चरखी दादरी। अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान के तहत सीआईए स्टाफ-द्वितीय पुलिस ने मध्य प्रदेश निवासी अर्जुन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध देशी कट्टा बरामद किया। आरोपित गांव शंकरपुर, जिला श्योपुर का निवासी है और फिलहाल बत्तर खेड़ी जोन में रह रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि वह सेक्टर-8/9 के पीछे श्मशान घाट के पास मौजूद है। थाना शहर दादरी में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

आध्यात्मिक गुरु पवन सिन्हा 26 को भिवानी में

भिवानी। तकनीकी युग में हिन्दू समाज के परिवार टूटते जा रहे हैं। हमारे परिवार किस प्रकार से संस्कारित व धार्मिक बने इसके लिए 26 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे कौटुम्बिक सबलता के मूल आधार विषय पर आध्यात्मिक गुरु प्रो. डॉ.पवन सिन्हा मार्गदर्शन देने भिवानी पधार रहे हैं। मंच की अध्यक्ष नीता चावला व महासचिव रणविजय सिंह ने बताया कि सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित इस आयोजन में 108 वैवाहिक जोड़ों का पंजीकरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में समाजसेवी बृजलाल सर्राफ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि अंतर्राष्ट्रीय कवि एवं भिवानी परिवार मैत्री संघ दिल्ली के अध्यक्ष राजेश चेतन व मंच के संरक्षक डॉक्टर डीवी ढिल्लो अध्यक्षता करेंगे।

धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए आश्रम का हॉल बनेगा उपयोगी

विधायक ने वाल्मीकि आश्रम के हॉल की नींव और 5 रास्तों का भी किया शुभारंभ



बवानीखेड़ा। वाल्मीकि आश्रम की नींव रखवाते विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

गांव तिगड़ाना में शनिवार को विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक कपूर वाल्मीकि ने वाल्मीकि आश्रम में बनने वाले हॉल की नींव रखकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने गांव में खेत-खलिहान तक जाने वाले पांच रास्तों का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला।

ग्रामीणों ने इन विकास कार्यों को गांव की जरूरतों से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम बताया। तिगड़ाना के सरपंच सुरेंद्र कुमार व ग्रामीण नवीन तंवर ने बताया कि वाल्मीकि आश्रम में हॉल का निर्माण होने से धार्मिक, सामाजिक और सामुदायिक आयोजनों के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध हो सकेगा। आश्रम में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, बैठकों और सामाजिक गतिविधियों के लिए यह हॉल उपयोगी साबित होगा। वहीं, खेत-खलिहान के पांच रास्तों का शुभारंभ होने से किसानों को खेतों तक पहुंचने और कृषि संबंधी कार्यों के लिए आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर विधायक कपूर वाल्मीकि ने कहा कि गांवों का विकास और ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं समाज को जोड़ने और भाईचारे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वाल्मीकि आश्रम में हॉल का निर्माण इसी दिशा में उपयोगी साबित होगा। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इन कार्यों के पूरा होने से गांव में सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नरेंद्र, राजेंद्र थानेदार, पूर्व सरपंच प्रदीप, पार्षद कृष्ण राज सिंह, दिनेश, मेनपाल शेखावत, अजीत, प्रधान देवा, प्रशान्त, मास्टर शक्ति, पंच मंजीत, धर्मा, विनीत तंवर, राजेश, राजू हंश चेयरमैन सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

विधायक कपूर सिंह ने बवानीखेड़ा हलके को दी 167 करोड़ की सौगात

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा विस. क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी राहत की खबर है। हलके के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के प्रयासों से लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने हलके के लिए 167 करोड़ 32 लाख 79 हजार रुपये के नए विकास कार्यों का प्रस्ताव तैयार किया है। लोक स्वास्थ्य विभाग द्वारा 30 जून 2026 को जारी एजेंडे के अनुसार ये सभी काम पीने के पानी की गुणवत्ता सुधारने पुरानी पाइपलाइन बदलने और गांव.शहर में जलभराव की समस्या खत्म करने के लिए किए जाएंगे। एजेंडे के अनुसार बवानीखेड़ा हलके के लिए कुल 16 प्रोजेक्ट प्रस्तावित हैं। इनमें से 148 करोड़ 76 लाख रुपये केवल ग्रामीण पेयजल योजनाओं के लिए हैं।

21 करोड़ 93 लाख 3 वार्डों, प्रथम और द्वितीय के लिए कच्चे पानी की नई व्यवस्था और पुरानी एसी व वीसी पाइपलाइन बदलना। पुर गांव 20 करोड़ 50 लाख वाटर सप्लाई स्कीम का विस्तार। बाढ़ और पुरानी संरचनाओं के कारण हुए नुकसान की मरम्मत। लोहारी जाटू में 16 करोड़ 97 लाख 2 नए वाटर वर्क्स लोहारी जाटू प्रथम और द्वितीय के लिए राइजिंग मेन और बैलेंस गलियों में पाइपलाइन। भैणी ठकरान व भैणी जाट्टान 10 करोड़ 3 लाख दोनों गांवों में कच्चे पानी की व्यवस्था और जलभराव के कारण क्षतिग्रस्त ढांचों की मरम्मत। बालियाली, रामपुरा, जैमलपुरा 23 करोड़ 59 लाख तीनों गांवों में वाटर सप्लाई स्कीम का अपग्रेडेशन और वितरण प्रणाली बिछाना। गुजरानी, सैय, सुई, मिलकपुर, रोहनात, सिकंदरपुर, खेड़ी दौलतपुर, जीताखेड़ी, ढाणी खुशाल सहित अन्य गांवों में भी पुरानी पाइपलाइन बदलकर नई डीआई पाइपलाइन बिछाई जाएगी और वाटर वर्क्स का नवीनीकरण होगा।

प्रस्तावों को मंजूरी मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी

शहर में पिछले 3 साल से हांसी बाईपास बनने के बाद हो रहे भारी जलभराव को देखते हुए बवानीखेड़ा शहर के लिए 18 करोड़ 56 लाख रुपये का स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम का प्रस्ताव भी भेजा गया है। इससे निचले इलाकों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। विधायक ने कहा हर घर तक साफ पानी पहुंचाना लक्ष्य है। विधायक ने कहा कि बवानीखेड़ा की जनता की सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी और जलभराव की थी। आज विभाग ने 167 करोड़ के प्रस्ताव भेजकर हमारी मांग को मंजूरी की तरफ बढ़ा दिया है। मेरा प्रयास रहेगा कि जल्द से जल्द प्रशासनिक मंजूरी मिले और काम शुरू हो। उन्होंने कहा कि ये पैसा सीधा जनता के विकास पर लगेगा। मेरा संकल्प है कि बवानीखेड़ा हलके का हर घर स्वस्थ और खुशहाल हो। कुल प्रस्तावित राशि 167 करोड़ 32 लाख 79 हजार रुपये है। अब इन प्रस्तावों को प्रशासनिक मंजूरी मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी और फिर धरातल पर काम नजर आएगा।



चरखी दादरी। विधायक सुनील का आभार जताने पहुंचे सारंगपुर के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

सारंगपुर-गोलपुरा सड़क निर्माण को मंजूरी, 2.36 करोड़ होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

विधायक सुनील सांगवान के प्रयासों से ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी, 5.26 किलोमीटर लंबी सड़क का होगा निर्माण

कच्चे और जर्जर रास्ते के कारण ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और वाहन चालकों को करना पड़ता था परेशानी का सामना

दादरी विधानसभा क्षेत्र के गांव सारंगपुर से गोलपुरा तक सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। प्रदेश सरकार ने 5.26 किलोमीटर लंबे संपर्क मार्ग के निर्माण को प्रशासनिक एवं वित्तीय मंजूरी प्रदान कर दी है। इस परियोजना पर करीब 2 करोड़ 36 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। सड़क निर्माण से दोनों गांवों सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी। सारंगपुर और गोलपुरा के बीच संपर्क मार्ग की स्थिति लंबे समय से खराब थी। कच्चे और जर्जर रास्ते के कारण ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। किसानों को कृषि उत्पाद मंडियों तक पहुंचाने में भी दिक्कतें आती थीं। ग्रामीणों ने हाल ही में विधायक सुनील सांगवान से मुलाकात कर सड़क को पक्का करवाने की मांग रखी थी। विधायक ने ग्रामीणों की मांग को प्रदेश सरकार के समक्ष उठाया। इसके बाद सड़क निर्माण के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई। मंजूरी मिलने से क्षेत्र के लोगों में खुशी है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा और उन्हें आवागमन में राहत मिलेगी। सड़क बनने से गांवों का मुख्य मार्गों से संपर्क भी बेहतर होगा।

सड़क निर्माण को मंजूरी मिलने के बाद गांव सारंगपुर के ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल विधायक सुनील सांगवान के आवास पर पहुंचा। ग्रामीणों ने इस मांग को पूरा करवाने के लिए मुख्यमंत्री और विधायक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से लंबित थी। अब मंजूरी मिलने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सरपंच जोगेंद्र सांगवान, राजपाल मैनेजर, पूर्व सरपंच राजेश, मास्टर आजाद सिंह, फते सिंह सांगवान, राजेश सरपंच, संदीप, अमित, कृष्ण, पप्पू नंबरदार और मंजीत सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

नंदगांव की तन्नू यादव बनीं भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। लेफ्टिनेंट बनी तन्नू यादव को सम्मानित करते हुए।

हरियाणा का भिवानी जिला, जिसे अब तक खेल और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी धाक जमाने के लिए जाना जाता था, अब भारतीय सेना में भी अपनी बेटियों के पराक्रम और सेवाभाव से गौरवान्वित हो रहा है। भिवानी की बेटियां अब देश की रक्षा और सेवा के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचकर क्षेत्र और अपने परिवारों का नाम रोशन कर रही हैं। इसी गौरवमयी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जिले के नंदगांव की होनहार बेटी तन्नू यादव ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होकर आर्मी नर्सिंग ऑफिसर का पद हासिल किया है। बेटी की उपलब्धि पर दिल्ली में आयोजित रैंक सैरेमनी के दौरान उनके दादा रामफल यादव, पिता सूबेदार मेजर सुशील व माता मुकेश देवी ने उन्हे स्टार लगाकर बधाई दी। **परिवार देश सेवा का समर्पित:** तन्नू यादव का यह सफर क्षेत्र की उन तमाम बेटियों के लिए एक महान प्रेरणा है जो देश सेवा के सपने देखती हैं। तन्नू के दादा रामफल यादव और दादी बिमला देवी अपनी पौत्री की इस ऐतिहासिक सफलता से गदगद हैं। तन्नू का परिवार शुरू से ही देश सेवा और शिक्षा के प्रति समर्पित रहा है। उनके पिता सुशील कुमार स्वयं भारतीय सेना में सूबेदार मेजर के पद पर देश सेवा में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता मुकेश देवी गृहिणी हैं। तन्नू की इस शानदार उपलब्धि पर ग्रामीणों का कहना है कि तन्नू ने यह साबित कर दिया है कि यदि बेटियों को सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में नया इतिहास रच सकती हैं।

सचिन जैन को हरियाणा का डिप्टी स्टेट को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया

भिवानी। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3090 की वर्ष 2027-28 की पब्लिक इमेज कमेटी में रोटरी क्लब भिवानी डाउनटाउन के रोटेरियन सचिन जैन को डिप्टी स्टेट कोऑर्डिनेटर, हरियाणा नियुक्त किया गया है।



उनकी इस नियुक्ति पर रोटरी परिवार, हरियाणा की टीम तथा स्थानीय सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन एस. एस. वशिष्ठ ने सचिन जैन की कार्यक्षमता, सामाजिक सक्रियता एवं जनसंपर्क के अनुभव पर विश्वास जताते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

रोटरी परिवार, हरियाणा की टीम तथा स्थानीय सदस्यों ने दी बधाई

इस दायित्व के अंतर्गत वे हरियाणा में रोटरी की सकारात्मक छवि, जनसंपर्क, मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से रोटरी द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से समाज तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे। सचिन जैन पिछले कई वर्षों से सामाजिक एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय हैं और विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं पर्यावरण संबंधी गतिविधियों से जुड़े रहे हैं।

सुनील दातोली सर्वसम्मति से बने चेयरमैन

■ सरकार परिवहन विभाग की अनदेखी कर निजीकरण को दे रही बढ़ावा : नरेंद्र दिनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। नई कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए।

चरखी दादरी स्थित ड्राइवर ट्रेनिंग स्कूल के प्रांगण में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि उनके साथ वरिष्ठ कर्मचारी नेता अनिल फौजी विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार-विमर्श करना और संगठन को मजबूत बनाना था। बैठक के दौरान सर्वसहमति से हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की चरखी दादरी डिपो की नई कार्यकारिणी का पुनर्गठन भी किया गया। सर्वसम्मति से हुए इस चुनाव में सुनील चालक दातोली को डिपो चेयरमैन, लीलाराम पांडवान परिचालक को डिपो प्रधान, मनोज मलिक को सचिव, सुखविंदर बडराई परिचालक को महासचिव, योगेश मिसरी को प्रैस प्रवक्ता, मनोज चांगरोड परिचालक को उपप्रधान तथा जितेंद्र चालक को कैशियर की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों का साथियों ने फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। सर्व कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद ने कहा कि सरकार परिवहन विभाग और उसके कर्मचारियों की जायज मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है। आज पूरे प्रदेश में रोडवेज बेड़े की हालत चिंताजनक है। सरकार जनसेवा के इस सार्वजनिक ढांचे को मजबूत करने के बजाय नीजीकरण को बढ़ावा देने की नीतियों पर काम कर रही है। किलोमीटर स्कीम के तहत निजी बस मालिकों को तो करोड़ों रुपये का भुगतान आसानी से किया जा रहा है, लेकिन रोडवेज की सरकारी बसों के लिए नए टायर खरीदने और स्पेयर पार्ट्स उपलब्ध कराने में बजट का रोना रोया जाता है।

नरेंद्र दिनोद ने कहा कि 16 जून को यूनियन के साथ हुई बातचीत में सरकार और उच्च अधिकारियों ने कई मांगों पर सहमति जताई थी, लेकिन आज तक उन सहमतियों को धरातल पर लागू नहीं किया गया है। यदि सरकार ने कर्मचारियों व विभाग की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं निकाला तो सर्व कर्मचारी संघ और हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन मिलकर एक बड़े राज्यव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंकने से पीछे नहीं हटेंगे।

प्रदेशाध्यक्ष ने शक्ति केंद्र प्रमुखों और बूथ अध्यक्षों की बैठक को किया संबोधित

संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें: डा. अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पंचायत भवन में शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक को संबोधित किया। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं की भूमिका को प्रभावी बनाना तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना रहा।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की संगठनात्मक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता और मजबूत बूथ व्यवस्था है। प्रत्येक शक्ति केंद्र प्रमुख एवं बूथ अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा आमजन के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, ताकि जरूरतमंद लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

बूथ स्तर पर सक्रियता जरूरी

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा ने संगठनात्मक कार्यप्रणाली पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर सक्रियता, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय और जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन आवश्यक है। जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने कहा कि भिवानी जिले में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी शक्ति केंद्र प्रमुखों एवं बूथ अध्यक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा।

भाजपा जिला प्रभारी डॉ. अरविंद यादव ने कहा कि मजबूत बूथ व्यवस्था ही संगठन की सफलता का आधार है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संदीप श्योराण, बवानीखेड़ा नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री, हरियाणा एससी आयोग के पूर्व अध्यक्ष बिजेंद्र बडगूजर, जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल, रेखा राघव, रविंद्र बापोड़ा, जिला उपाध्यक्ष विशाल जीत, एससी मोर्चा अध्यक्ष अशोक बिडलान, मंडल अध्यक्ष शिवराज बागड़ी, नविता तंवर, सुनील धारेडू, जगत काशिक, भारत भूषण, प्रदीप मुंढ़ाल, प्रदीप राणा, मुरारीलाल शर्मा, विजय शेखावत, कमलेश भोडूका, राजेश सांकरोडिया, नरेंद्र तालु, मीनाक्षी मेहता, मंजू कथूरिया, राजेश धनखड़, राहुल शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा, आईटी प्रमुख अंकित पालवास, राजकुमार जमालपुरिया, हर्षवधन मान आदि मौजूद रहे।

श्रीगंगानगर-मेरठ एक्सप्रेस में पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



जिले में नशा तस्करी पर अंकुश लगाने और सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से मादक पदार्थों की सप्लाई रोकने के लिए दादरी पुलिस और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने शनिवार को रेलवे स्टेशन पर संयुक्त जांच अभियान चलाया।

इस दौरान श्रीगंगानगर–मेरठ एक्सप्रेस ट्रेन के सामान्य और आरक्षित कोचों की स्निफर डॉग्स की मदद से तलाशी ली गई। जांच के दौरान ट्रेन और स्टेशन परिसर से कोई संदिग्ध या अवैध सामग्री बरामद नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी के मार्गदर्शन में यह अभियान 14 अक्टूबर को आयोजित एनसीओआरडी की उच्चस्तरीय बैठक में लिए गए निर्णयों की पालना के तहत चलाया गया। जीआरपी चौकी दादरी के प्रभारी उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल और विशेष डॉग स्क्वॉड की टीम ने ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचने के बाद सघन तलाशी अभियान चलाया। पुलिस टीम ने ट्रेन के सभी सामान्य और आरक्षित कोचों, यात्रियों के सामान, सीटों के नीचे, लगेज रैक और शौचालयों की बारीकी से जांच की। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन के साधनों का इस्तेमाल नशा तस्करी के लिए नहीं होने दिया जाएगा। अंतरराज्यीय रेल मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि जिले में मादक पदार्थों की आपूर्ति पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। एसपी ने रेल यात्रियों और आम नागरिकों से अपील की कि किसी संदिग्ध गतिविधि या लावारिस वस्तु की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर सूचना दें।

बैंक एफडी से आगे निकल सकते हैं ये म्यूचुअल फंड?

■ ज्यादा रिटर्न की संभावना के साथ बाजार जोखिम भी, निवेश से पहले समझें कौन-सा विकल्प आपके लिए बेहतर



बिजनेस डेस्क

बैंक की सावधि जमा यानी एफडी को सुरक्षित निवेश का भरोसेमंद विकल्प माना जाता है। इसमें ब्याज दर पहले से तय रहती है और निर्धारित अवधि पूरी होने पर मिलने वाली रकम का अनुमान लगाया जा सकता है। लेकिन जो निवेशक थोड़ा जोखिम उठाकर बेहतर रिटर्न की संभावना तलाशना चाहते हैं, उनके सामने म्यूचुअल फंड भी एक विकल्प हो सकते हैं। भारतीय स्टेट बैंक म्यूचुअल फंड की कुछ योजनाएं अपेक्षाकृत कम अवधि या सीमित जोखिम वाले निवेश के उद्देश्य से बनाई गई हैं। हालांकि, इन्हें बैंक एफडी जितना सुरक्षित मानना सही नहीं है। म्यूचुअल फंड में रिटर्न की गारंटी नहीं होती और बाजार की परिस्थितियों के कारण निवेश की रकम घट भी सकती है।

1. एसबीआई सेविंग्स फंड

जिन निवेशकों को अपनी रकम कुछ महीनों के लिए निवेश करनी है, वे एसबीआई सेविंग्स फंड पर विचार कर सकते हैं। यह योजना मुख्य रूप से मनी मार्केट और अन्य अल्पकालिक ऋण साधनों में निवेश करती है। इसका उद्देश्य कम अवधि के लिए रकम का प्रबंधन करना होता है। हालांकि, इसका रिटर्न ब्याज दरों और पोर्टफोलियो में शामिल प्रतिभूतियों के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। यदि किसी निश्चित तारीख पर पूरी रकम की जरूरत है, तो निवेश से पहले निकासी की शर्तें और जोखिम जरूर समझें।

2. एसबीआई लो ड्यूरेशन फंड

यह फंड उन निवेशकों के लिए एक विकल्प हो सकता है, जिन्हें कुछ समय तक रकम की जरूरत नहीं है और वे ऋण आधारित निवेश चाहते हैं। इसमें ब्याज दरों में बदलाव तथा बॉन्ड जारी करने वाली कंपनियों की भुगतान क्षमता से जुड़ा जोखिम रहता है। निवेश करने से पहले फंड की क्रेडिट गुणवत्ता, पोर्टफोलियो की अवधि और खर्च का आकलन करना जरूरी है। कम अवधि का फंड होने का अर्थ यह नहीं है कि इसमें नुकसान की आशंका नहीं है।

3. एसबीआई बैंकिंग एंड पीएसयू फंड

इस श्रेणी के फंड मुख्य रूप से बैंकों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और वित्तीय संस्थानों की ऋण प्रतिभूतियों में निवेश करते हैं। इन संस्थानों की साख अच्छी हो सकती है, लेकिन निवेश पूरी तरह जोखिम मुक्त नहीं होता। ब्याज दरों में बदलाव से बॉन्ड की कीमत प्रभावित हो सकती है। इसलिए निवेश की अवधि और जोखिम सहने की क्षमता के अनुसार ही फैसला लें।

4. एसबीआई आर्बिट्राज फंड

जो निवेशक सीधे शेयरों में पैसा लगाने से बचना चाहते हैं, वे आर्बिट्राज फंड की कार्यप्रणाली समझ सकते हैं। ऐसे फंड नकदी और वायदा बाजार में एक ही शेयर की कीमतों के अंतर से लाभ कमाने की कोशिश करते हैं। इनका जोखिम सामान्य इक्विटी फंड से अलग होता है, लेकिन रिटर्न निश्चित नहीं होता। निवेश से पहले खर्च, कर नियम और संभावित रिटर्न को समझना जरूरी है।

5. एसबीआई कंजर्वेटिव हाइब्रिड फंड

इस श्रेणी के फंड का बड़ा हिस्सा ऋण साधनों में और कुछ हिस्सा शेयरों में लगाया जाता है। इससे निवेशक को दोनों परिसंपत्ति श्रेणियों में भागीदारी मिलती है, लेकिन ब्याज दरों और शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव का असर भी पड़ सकता है। इसे चुनने से पहले निवेश अवधि और जोखिम क्षमता का आकलन करें।

एफडी या म्यूचुअल फंड, क्या चुनें?

यदि आपको निश्चित ब्याज दर और तय अवधि में रकम की जरूरत है, तो बैंक एफडी आपकी जरूरत के अधिक अनुकूल हो सकती है। पात्र बैंक जमा पर डीआईसीजीसी के नियमों के तहत एक जमाकर्ता को एक बैंक में समान अधिकार और क्षमता में रखे मूलधन तथा ब्याज को मिलाकर अधिकतम पांच लाख रुपये तक जमा बीमा सुरक्षा मिलती है। दूसरी ओर, म्यूचुअल फंड में बेहतर रिटर्न की संभावना के साथ नुकसान का जोखिम भी रहता है।

त्योहार पर ऑफर देखकर न ललचाएं वरना बढ़ सकता है ईएमआई का बोझ

नो-कॉस्ट ईएमआई में ब्याज नहीं देने का दावा कर रहे बैंक

लेकिन छूट छोड़ने और अतिरिक्त शुल्क चुकाने से महंगी पड़ सकती है खरीदारी

मोबाइल, टीवी, फ्रिज से लेकर लैपटॉप तक हर सामान पर छूट और आसान किस्तों का लालच

बिजनेस डेस्क

त्योहारी सीजन में ऑनलाइन और ऑफलाइन बाजार आकर्षक ऑफरों से भरे हैं। मोबाइल, टीवी, फ्रिज से लेकर लैपटॉप तक, हर सामान पर छूट और आसान किस्तों का लालच दिया जा रहा है। इनमें नो-कॉस्ट ईएमआई का ऑफर खास तौर पर ग्राहकों को आकर्षित करता है। एकमुश्त रकम खर्च किए बिना सामान घर लाने और ब्याज नहीं देने का दावा पहली नजर में फायदे का सौदा लगता है। लेकिन सावधान! केवल कम मासिक किस्त देखकर खरीदारी का फैसला करना जेब पर भारी पड़ सकता है। कई बार नो-कॉस्ट ईएमआई के चक्कर में ग्राहक को नकद खरीदारी पर मिलने वाली छूट छोड़नी पड़ती है या प्रोसेसिंग फीस और अन्य शुल्क चुकाने पड़ते हैं। ऐसे में त्योहार की खरीदारी से पहले ऑफर की चमक के बजाय उसकी वास्तविक लागत समझना जरूरी है।

नो-कॉस्ट ईएमआई का गणित?

नो-कॉस्ट ईएमआई में ग्राहक सामान की कीमत एक साथ चुकाने के बजाय तय अवधि में मासिक किस्तों के जरिए भुगतान करता है। सामान्य ईएमआई में मूल रकम के साथ ब्याज भी देना होता है, जबकि नो-कॉस्ट ईएमआई में ब्याज का खर्च किसी दूसरे तरीके से समायोजित किया जाता है। कई ऑफरों में बैंक या वित्तीय संस्थान के ब्याज की भरपाई विक्रेता या कंपनी की ओर से की जाती है। कुछ मामलों में इसके बदले ग्राहक को नकद खरीदारी पर मिलने वाली छूट नहीं मिलती। यानी ब्याज शून्य होने का दावा जरूरी नहीं कि खरीदारी को सबसे सस्ता बना दे। मान लीजिए, किसी मोबाइल की कीमत 30,000 रुपये है और नकद भुगतान पर 3,000 रुपये की छूट मिल रही है। ऐसे में मोबाइल 27,000 रुपये में खरीदा जा सकता है। वहीं, नो-कॉस्ट ईएमआई में यदि ग्राहक को यह छूट नहीं मिलती और उसे 30,000 रुपये किस्तों में चुकाने पड़ते हैं, तो बिना ब्याज के भुगतान करने के बावजूद वह 3,000 रुपये अधिक खर्च करेगा। इसके अलावा प्रोसेसिंग फीस या अन्य लागू शुल्क भी कुल लागत बढ़ा सकते हैं। इसलिए फैसला केवल ईएमआई की रकम देखकर नहीं, बल्कि दोनों विकल्पों की कुल कीमत की तुलना करके करना चाहिए।



खरीदारी से पहले इन बातों पर दें ध्यान

- **नकद कीमत से तुलना करें:** पता करें कि बिना ईएमआई के सामान कितने में मिल रहा है और किस्तों में लेने पर कुल भुगतान कितना होगा।
- **छूट का हिसाब लगाएं:** जांचें कि नो-कॉस्ट ईएमआई चुनने पर तत्काल छूट, कैशबैक या बैंक ऑफर का लाभ तो नहीं छूट रहा।
- **अतिरिक्त शुल्क देखें:** प्रोसेसिंग फीस, उस पर लागू कर और अन्य शुल्क जोड़कर वास्तविक लागत निकालें।
- **किस्त चुकाने की क्षमता परखें:** पहले से चल रहे कर्ज और ईएमआई के साथ नई किस्त जोड़कर देखें कि मासिक बजट पर कितना असर पड़ेगा।
- **देर से भुगतान की शर्तें पढ़ें:** किस्त चूकने पर लगने वाले शुल्क, ब्याज और अन्य नियमों की जानकारी पहले ही लें।
- **जरूरत को प्राथमिकता दें:** केवल त्योहार की छूट या सीमित समय के ऑफर के दबाव में गैरजरूरी सामान न खरीदें।

बचत को किस्तों से बचाएं

- त्योहारी खरीदारी के लिए सबसे बेहतर रणनीति बजट तय करके चलना है। पहले जरूरी सामान की सूची बनाएं, फिर अलग-अलग विक्रेताओं की कीमतों और भुगतान विकल्पों की तुलना करें। यदि एकमुश्त भुगतान के बाद आपातकालीन बचत प्रभावित होती है, तो उचित शर्तों वाली ईएमआई पर विचार किया जा सकता है। लेकिन इसके लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि आने वाले महीनों की आय से किस्तें आसानी से चुकाई जा सकें।
- नो-कॉस्ट ईएमआई का असली फायदा तभी है, जब वह नकदी का बेहतर प्रबंधन करे, न कि भविष्य की आय पर अनावश्यक बोझ डाले। त्योहार की खुशियां कुछ दिनों की होती हैं, लेकिन ईएमआई कई महीनों तक चल सकती है। इसलिए ऑफर देखकर नहीं, जरूरत, कुल लागत और अपनी भुगतान क्षमता देखकर खरीदारी करें।

कब फायदेमंद यह विकल्प

- नो-कॉस्ट ईएमआई हर स्थिति में नुकसान का सौदा नहीं है। यदि किसी जरूरी उपकरण की तत्काल आवश्यकता है और एकमुश्त भुगतान करने से घर का बजट बिगड़ सकता है, तो किस्तों में भुगतान उपयोगी विकल्प बन सकता है। इससे बचत की पूरी रकम एक साथ खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ती और उपलब्ध नकदी का इस्तेमाल दूसरी जरूरी जरूरतों के लिए किया जा सकता है। बशर्ते किस्तों पर खरीदारी की कुल लागत नकद कीमत के मुकाबले उचित हो और मासिक किस्त आसानी से चुकाई जा सके।
- हालांकि, केवल इसलिए महंगा मोबाइल, बड़ा टीवी या नया लैपटॉप खरीदना उचित नहीं है कि उसकी किस्त कम दिखाई दे रही है। यदि सामान की जरूरत नहीं है या मौजूदा उपकरण ठीक काम कर रहा है, तो केवल ऑफर के आकर्षण में खरीदारी करना खर्च बढ़ाने जैसा है।

घर का बजट न बिगड़ने दें

त्योहार की खरीदारी का असली फायदा तभी है, जब उससे घर का बजट न बिगड़े। नो-कॉस्ट ईएमआई का इस्तेमाल वित्तीय सुविधा के रूप में करें, अतिरिक्त खर्च करने के बहाने के तौर पर नहीं। खरीदारी से पहले यह तय करना जरूरी है कि सामान अभी लेना कितना आवश्यक है और उसके लिए भविष्य की कितनी आय खर्च करनी पड़ेगी। यदि किस्त चुकाने के बाद बचत, जरूरी खर्चों या आपातकालीन जरूरतों के लिए पर्याप्त पैसा नहीं बचेगा, तो खरीदारी टालना बेहतर है।एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि कई छोटी-छोटी ईएमआई मिलकर महीने के बजट पर बड़ा दबाव बना सकती हैं। इसलिए हर नई किस्त को अलग-अलग देखने के बजाय अपनी कुल मासिक देनदारी का हिसाब लगाएं। क्रेडिट कार्ड से जुड़ी ईएमआई में भुगतान की शर्तें और बकाया राशि पर लगने वाले शुल्क भी समझें। केवल विज्ञापन में दिख रही किस्त की रकम के आधार पर निर्णय न लें। आर्थिक समझदारी का अर्थ हर सुविधा से दूर रहना नहीं, बल्कि सुविधा का सही समय पर इस्तेमाल करना है। यदि नो-कॉस्ट ईएमआई से नकदी बचती है और कुल लागत भी उचित रहती है, तो इसका लाभ उठाया जा सकता है। लेकिन त्योहार का उत्साह क्षणिक है, जबकि भुगतान की जिम्मेदारी लंबे समय तक रहती है। खरीदारी ऐसी करें, जिसका आनंद बाद में आर्थिक चिंता में न बदले।



एसआईपी पर भरोसा बरकरार

सितंबर में रिकॉर्ड 32,490 करोड़ का निवेश, इक्विटी फंड में भी निवेश बढ़ा

तैयारी

बिजनेस डेस्क

स्मॉलकैप और मिडकैप फंड में सबसे ज्यादा पैसा आया; बाजार की चाल से ज्यादा निवेश की अवधि और जोखिम क्षमता पर ध्यान देना जरूरी

शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और निवेश को लेकर अनिश्चितताओं के बीच म्यूचुअल फंड में नियमित निवेश करने वाले निवेशकों का भरोसा कायम है। सितंबर 2026 में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश बढ़कर रिकॉर्ड 32,490 करोड़ रुपये पहुंच गया। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में एसआईपी के जरिए 32,297 करोड़ रुपये का निवेश आया था। वहीं, इक्विटी म्यूचुअल फंड में शुद्ध निवेश भी अगस्त के 29,329 करोड़ रुपये से बढ़कर सितंबर में 38,307 करोड़ रुपये हो गया। यह करीब 30.6 प्रतिशत की मासिक वृद्धि है। आंकड़े बताते हैं कि निवेशक बाजार में पैसा लगाने के लिए नियमित निवेश का रास्ता अपना रहे हैं। हालांकि, निवेश प्रवाह बढ़ने का अर्थ यह नहीं है कि बाजार में तेजी निश्चित है या हर श्रेणी का फंड बेहतर रिटर्न देगा।

फ्लेक्सीकैप फंड में शुद्ध निवेश 32.5 प्रतिशत बढ़कर 6,702 करोड़ पहुंचा

निवेश लगातार बढ़ रहा

एसआईपी निवेश का सबसे बड़ा फायदा नियमितता है। इसमें निवेशक हर महीने एक तय रकम म्यूचुअल फंड में लगाते हैं। इससे बाजार की चाल देखकर बार-बार निवेश का फैसला करने की जरूरत कम होती है। सितंबर में एसआईपी निवेश पिछले साल के इसी महीने के 29,361 करोड़ रुपये के मुकाबले करीब 11 प्रतिशत बढ़ा है। यह वृद्धि बताती है कि अधिक निवेशक नियमित निवेश की आदत बनाए हुए हैं। एसआईपी के जरिए निवेश करने पर बाजार नीचे होने पर समान रकम से अधिक और बाजार ऊपर होने पर अपेक्षाकृत कम यूनिट खरीदी जाती हैं। इसे रुपये की औसत लागत का लाभ कहा जाता है। हालांकि, इससे नुकसान की आशंका समाप्त नहीं होती और न ही मुनाफे की गारंटी मिलती है।

ये फंड चमके

सितंबर में स्मॉलकैप फंड निवेशकों की पहली पसंद रहे। इस श्रेणी में शुद्ध निवेश अगस्त के 7,973 करोड़ रुपये से बढ़कर 9,039 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, मिडकैप फंड में निवेश 6,989 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,835 करोड़ रुपये पहुंच गया। दोनों श्रेणियों में निवेश बढ़ना बताता है कि निवेशकों की दिलचस्पी अपेक्षाकृत अधिक उतार-चढ़ाव वाली कंपनियों में बनी हुई है। स्मॉलकैप और मिडकैप कंपनियों में भविष्य में तेजी से बढ़ने की संभावना हो सकती है, लेकिन इनके शेयरों में गिरावट का जोखिम भी अधिक रहता है। बाजार में कमजोरी आने पर इन फंडों के मूल्य में तेज गिरावट संभव है। इसलिए केवल अधिक निवेश आने के आंकड़े देखकर इनमें पैसा लगाना उचित नहीं है। निवेशक को अपनी जोखिम सहने की क्षमता, वित्तीय लक्ष्य और निवेश की अवधि को ध्यान में रखना चाहिए।

फ्लेक्सीकैप व लार्जकैप में भी सुधार

फ्लेक्सीकैप फंड में सितंबर के दौरान शुद्ध निवेश 32.5 प्रतिशत बढ़कर 6,702 करोड़ रुपये पहुंच गया। अगस्त में यह आंकड़ा 5,059 करोड़ रुपये था। फ्लेक्सीकैप फंड के प्रबंधक बाजार की परिस्थितियों के अनुसार बड़ी, मध्यम और छोटी कंपनियों में निवेश का अनुपात बदल सकते हैं। इस वजह से इनका निवेश दायरा व्यापक होता है, हालांकि इनसे भी बाजार संबंधी जोखिम जुड़े रहते हैं। लार्जकैप फंड में भी निवेशकों की वापसी देखने को मिली। अगस्त में इन फंडों से 1,147 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई थी, जबकि सितंबर में 859 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया। लार्जकैप फंड मुख्य रूप से बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं। इन्हें स्मॉलकैप फंडों की तुलना में अपेक्षाकृत कम जोखिम वाला माना जा सकता है, लेकिन बाजार गिरने पर इनमें भी नुकसान हो सकता है।

कुल संपत्ति में गिरावट

इक्विटी फंड में निवेश बढ़ने के बावजूद म्यूचुअल फंड उद्योग की कुल प्रबंधनाधीन संपत्ति सितंबर में घटकर 82.64 लाख करोड़ रुपये रह गई। अगस्त में यह 87.08 लाख करोड़ रुपये थी। इस तरह एक महीने में करीब 4.44 लाख करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई। इसका एक बड़ा कारण डेट म्यूचुअल फंड में भारी शुद्ध निकासी रही। सितंबर में डेट फंड से 1.83 लाख करोड़ रुपये निकाले गए, जबकि अगस्त में इनमें 8,127 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था। इसके अलावा, बाजार के मूल्यांकन में बदलाव भी कुल संपत्ति के आंकड़े को प्रभावित कर सकता है। इसलिए म्यूचुअल फंड की कुल संपत्ति में गिरावट को केवल इक्विटी निवेशकों के भरोसे में कमी के रूप में देखना सही नहीं होगा।

जोखिम का आकलन जरूरी

सितंबर के आंकड़े नियमित निवेश के प्रति निवेशकों की बढ़ती रुचि दिखाते हैं, लेकिन निवेश का फैसला केवल लोकप्रियता के आधार पर नहीं होना चाहिए। सबसे पहले आपातकालीन जरूरतों के लिए पर्याप्त बचत रखें और महंगे कर्ज को प्राथमिकता से चुकाने की योजना बनाएं। इसके बाद अपने वित्तीय लक्ष्य के अनुसार निवेश की अवधि तय करें। लंबी अवधि के लक्ष्यों के लिए इक्विटी म्यूचुअल फंड उपयोगी हो सकते हैं, लेकिन फंड की श्रेणी चुनते समय जोखिम क्षमता का ध्यान रखना जरूरी है।

बाजार में उतार-चढ़ाव : ऐसे में बाजार की चाल का अनुमान लगाने के बजाय निवेश की रणनीति बनाएं

एकमुश्त रकम लगाने से बचें, 5 से 10 लाख रुपये निवेश करने से पहले तय करें लक्ष्य, समयावधि और जोखिम उठाने की क्षमता

बिजनेस डेस्क। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच निवेशकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह तय करना है कि पैसा कब और कहां लगाया जाए। जिन लोगों के पास 5 से 10 लाख रुपये की एकमुश्त राशि है, वे अक्सर बाजार में गिरावट का इंतजार करते हैं या तेजी देखकर पूरी रकम निवेश कर देते हैं। दोनों ही स्थितियों में जल्दबाजी नुकसान का कारण बन सकती है। विशेषज्ञों की सलाह है कि बाजार की अगली चाल का अनुमान लगाने के बजाय निवेश की अवधि, जोखिम उठाने की क्षमता और विविधीकरण पर ध्यान देना चाहिए। पूरी रकम एक ही दिन लगाने के बजाय चरणबद्ध निवेश करना जोखिम संभालने में मदद कर सकता है। हालांकि, इससे नुकसान की आशंका पूरी तरह समाप्त नहीं होती। जानकारों का कहना है कि हालिया गिरावट के बाद लार्जकैप शेयरों का मूल्यांकन अपेक्षाकृत आकर्षक नजर आ रहा है। 12 अक्टूबर के आंकड़ों के मुताबिक, निफ्टी-50 का पिछला 12 महीने का मूल्य-आय अनुपात 19.1 गुना था, जबकि निफ्टी मिडकैप-150 का 28.1 गुना और निफ्टी स्मॉलकैप-250 का 34.4 गुना था।



स्मॉलकैप में जोखिम को न भूलें : लंबी अवधि के निवेशकों के लिए स्मॉलकैप कंपनियों में विकास की संभावनाएं हो सकती हैं। लेकिन इन शेयरों में उतार-चढ़ाव अधिक होता है और गिरावट के दौरान नुकसान बड़ा हो सकता है। इसलिए स्मॉलकैप में निवेश तभी उचित है, जब निवेशक कम से कम पांच वर्ष तक पैसा लगाए रखने की स्थिति में हों और बाजार की गिरावट के दौरान घबराकर निवेश निकालने से बच सकें।

विविधीकरण से संभालें जोखिम : फ्लेक्सीकैप फंड बाजार की परिस्थितियों के अनुसार बड़ी, मध्यम और छोटी कंपनियों में निवेश का अनुपात बदल सकते हैं। मल्टीकैप फंडों में इन तीनों श्रेणियों में कम से कम 25-25 प्रतिशत निवेश करना अनिवार्य है। वहीं, मल्टी-एसेट फंड इक्विटी, ऋण आधारित साधनों और सोने जैसी अलग-अलग परिसंपत्तियों में निवेश करते हैं। इससे किसी एक श्रेणी पर निर्भरता कम हो सकती है। हालांकि, हर फंड का जोखिम अलग होता है।

40:60 की रणनीति अपना सकते हैं : यदि आपके पास 10 लाख रुपये हैं, तो एक विकल्प के तहत 4 लाख रुपये शुरुआती चरण में और शेष 6 लाख रुपये अगले तीन से छह महीने में किस्तों में निवेश किए जा सकते हैं। पांच लाख रुपये की राशि के लिए यही अनुपात 2 लाख और 3 लाख रुपये होगा। इससे पूरी रकम बाजार के किसी एक स्तर पर लगाने का जोखिम कम हो सकता है। यह अनुपात हर निवेशक के लिए उपयुक्त हो, ऐसा जरूरी नहीं है; इसे लक्ष्य और जोखिम क्षमता के अनुसार तय करना चाहिए।

निवेश से पहले लागत, गुणवत्ता और ग्राहकों की जरूरत का करें आकलन

दिवाली से पहले शुरू करें ये कारोबार, कम पूंजी में कमाई का मौका

आइडिया

बिजनेस डेस्क

तोरण-सजावट, मिठाई, उपहारों की टोकरी और चॉकलेट की त्योहारों में बढ़ती मांग का उठाएं लाभ



त्योहारों का मौसम छोटे कारोबारियों और अपना काम शुरू करने की योजना बना रहे लोगों के लिए अतिरिक्त कमाई का अवसर लेकर आता है। दिवाली पर घरों की सजावट से लेकर मिठाई, उपहार और चॉकलेट तक की खरीदारी बढ़ जाती है। इस साल 8 नवंबर को दिवाली मनाई जाएगी। ऐसे में तैयारी के लिए सीमित समय बचा है। इच्छुक लोग अपनी पूंजी और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार छोटा कारोबार शुरू कर सकते हैं। कुछ काम घर से भी किए जा सकते हैं, जिससे दुकान का किराया बच सकता है। हालांकि, केवल त्योहार में मांग बढ़ने के अनुमान के आधार पर निवेश करना सही नहीं है। पहले स्थानीय बाजार, संभावित ग्राहकों, सामान की लागत और बिक्री की योजना समझना जरूरी है।

तोरण और सजावटी सामान का कारोबार

दिवाली पर घरों और दुकानों को सजाने के लिए तोरण, बंदनवार, कृत्रिम फूल, रंगोली सामग्री, दीये, लाइटें और सजावटी वस्तुओं की खरीदारी होती है। कम पूंजी में इस कारोबार की शुरुआत सीमित उत्पादों से की जा सकती है। स्थानीय थोक बाजार से सामान खरीदकर घर, छोटी दुकान या इंटरनेट के माध्यम से बिक्री का विकल्प अपनाया जा सकता है। इस कारोबार में अलग-अलग बजट के उत्पाद रखना उपयोगी है। पारंपरिक सजावट के साथ आधुनिक डिजाइन और दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले उत्पाद भी ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। दिवाली के बाद क्रिसमस और नए साल की सजावट से संबंधित सामान बेचने की योजना भी बनाई जा सकती है। हालांकि, बचा हुआ मौसमी स्टॉक अगली बिक्री तक पूंजी फंसा सकता है, इसलिए जरूरत से ज्यादा सामान खरीदने से बचें।

मिठाई का काम

दिवाली पर मिठाइयों की मांग बढ़ने से यह कारोबार कमाई का अवसर दे सकता है। जिन लोगों को मिठाई बनाने का अनुभव है, वे सीमित मात्रा से शुरुआत कर सकते हैं। अन्य लोग किसी भरोसेमंद निर्माता से सामान लेकर बिक्री का विकल्प तलाश सकते हैं। पारंपरिक मिठाइयों के साथ छोटे पैक और उपहार पैक भी रखे जा सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक ग्राहकों के लिए कम चीनी या बिना अतिरिक्त चीनी वाले उत्पादों की मांग का आकलन किया जा सकता है। हालांकि, ऐसे उत्पादों पर स्पष्ट सामग्री और पोषण संबंधी जानकारी देना जरूरी है। मिठाई जल्दी खराब हो सकती है, इसलिए ताजगी, भंडारण, स्वच्छता और समय पर आपूर्ति का ध्यान रखें। खाद्य कारोबार शुरू करने से पहले लागू खाद्य सुरक्षा नियमों और एफएसएसएआई पंजीकरण या लाइसेंस की जरूरत की जानकारी अवश्य लें।

उपहारों की टोकरी बनाकर बेचें

दिवाली पर परिवारों, मित्रों और कारोबारी सहयोगियों को उपहार देने की परंपरा है। इसका लाभ उठाकर सूखे मेवे, सजावटी सामान, उपयोगी घरेलू वस्तुओं और अन्य उत्पादों की आकर्षक उपहार टोकरी तैयार की जा सकती है। ग्राहक के बजट के अनुसार छोटे, मध्यम और प्रीमियम पैक बनाए जा सकते हैं। इस कारोबार की खासियत यह है कि शुरुआत में बहुत अधिक स्टॉक रखना जरूरी नहीं। पहले नमूने तैयार करके ग्राहकों से ऑर्डर लिए जा सकते हैं। स्थानीय दुकानों, कार्यालयों और परिचित कारोबारियों से संपर्क करना भी उपयोगी हो सकता है। पैकिंग, उत्पादों की गुणवत्ता और समय पर आपूर्ति पर विशेष ध्यान दें। हर टोकरी की लागत में सामान, पैकिंग, परिवहन और अपने श्रम को शामिल करके ही कीमत तय करें।

घर से चॉकलेट बनाकर बेचें

हस्तनिर्मित चॉकलेट, उपहार पैक और आकर्षक पैकेजिंग वाले उत्पाद त्योहारों पर उपहार के विकल्प बन सकते हैं। चॉकलेट बनाने का कौशल रखने वाले लोग छोटे बैच से शुरुआत कर सकते हैं। स्थानीय ग्राहकों, परिचितों और इंटरनेट आधारित माध्यमों से ऑर्डर जुटाए जा सकते हैं। इस कारोबार में कच्चे माल की गुणवत्ता, स्वाद, पैकिंग और भंडारण महत्वपूर्ण हैं। गर्म मौसम या अनुचित भंडारण से चॉकलेट की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। इसलिए उत्पादन क्षमता के अनुसार ही ऑर्डर लें और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करें। बड़े निवेश से पहले कुछ नमूने बनाकर ग्राहकों की प्रतिक्रिया लेना बेहतर होगा।

निवेश से पहले बनाएं खर्च का हिसाब

इन चारों कारोबारों में शुरुआती लागत उत्पादों की संख्या, गुणवत्ता, उपकरण, पैकिंग और बिक्री के माध्यम पर निर्भर करेगी। शुरुआत छोटी रखकर मांग के अनुसार विस्तार करना जोखिम सीमित कर सकता है। संभावित बिक्री को निश्चित मुनाफा न मानें। सामान की लागत के साथ परिवहन, बिजली, पैकिंग, खराब होने वाले उत्पाद और बिना बिके स्टॉक का खर्च भी जोड़ें। त्योहारों में कारोबार का अवसर जरूर है, लेकिन कमाई की गारंटी नहीं। ग्राहकों की जरूरत समझकर, गुणवत्ता बनाए रखकर और पूंजी का हिसाब रखते हुए शुरुआत की जाए तो छोटा मौसमी कारोबार आगे चलकर नियमित आय का जरिया भी बन सकता है।

खबर संक्षेप

स्वामी योगप्रताप सरस्वती का किया स्वागत

चरखी दादरी। संपूर्ण विश्व के कल्याण, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक जागरण के उद्देश्य से प्रस्तावित एकात्म यात्रा 2027-28 के प्रचार-प्रसार में जुटे स्वामी योगप्रताप सरस्वती का दादरी की आदर्श धर्मशाला में पहुंचने पर पंजाबी सभा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अभिनंदन किया। इस दौरान भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और सामाजिक एकता को मजबूत करने के विषय पर चर्चा हुई। स्वामी योगप्रताप सरस्वती ने एकात्म यात्रा के उद्देश्यों को लेकर जनजागरण की आवश्यकता पर जोर दिया।

बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर होगी कार्रवाई: एसपी

चरखी दादरी। जिले में बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) वाले वाहनों और नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस विशेष अभियान चलाएगी। पुलिस महानिदेशक हरियाणा के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा मजबूत करने, यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से यह कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी ने यातायात पुलिस और थाना प्रभारियों को नियमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

नशामुक्ति के लिए चलाया जागरूकता अभियान

बवानीखेड़ा। युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत कस्बा बवानीखेड़ा स्थित राजकीय महिला कॉलेज में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसी भी प्रकार के नशे से स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया। कलाकारों ने अपने अभिनय से बताया कि नशा न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि समाज को खोखला कर देता है।

वाहन चालक वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र रखें

भिवानी। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय भिवानी ने वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए आमजन, वाहन चालकों, औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा निर्माण परियोजना संचालकों से सहयोग की अपील की है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अजीत सिंह ने वाहन चालकों से वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र रखने, वाहनों की नियमित सर्विस करवान का आह्वान किया है। बोर्ड ने नागरिकों से आह्वान किया है कि जनरेटर का अनावश्यक संचालन न करें।

कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन सच्ची राष्ट्र सेवा

चरखी दादरी। खेड़ी बतर स्थित राजकीय मिडिल स्कूल में सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल इंचार्ज रविंद्र सांगवान ने विद्यार्थियों को अभियान के उद्देश्य और नागरिक कर्तव्यों के महत्व से अवगत कराया। रविंद्र सांगवान ने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी से काम करके देश की प्रगति में योगदान दे सकता है।

मंडियों में अव्यवस्थाओं को लेकर जताई नाराजगी

संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रदेश व केंद्र सरकार का पुतला फूंका

खरीफ की फसलों की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। मांगों को लेकर सरकार का पुतला दहन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

संयुक्त किसान मोर्चा भिवानी ने मंडियों में अव्यवस्थाओं और खरीफ फसलों की सरकारी खरीद में भारी लापरवाही के विरोध में स्थानीय तोशाम बाईपास रोड स्थित भाजपा कार्यालय के सामने हरियाणा और केंद्र सरकार का पुतला फूंका। किसानों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए फसलों की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करने और किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल ने की तथा मंच संचालन जिला सचिव मास्टर जगरोशन ने किया।

किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, उप प्रधान कामरेड ओम प्रकाश , जिला सचिव मास्टर जगरोशन तथा युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने कहा कि सरकार द्वारा 24 फसलों की एमएसपी पर खरीद के दावे केवल कागजों तक सीमित हैं। मूंग और बाजरे की सरकारी खरीद नहीं होने से किसानों को प्रति क्विंटल 250 से 600 रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। धान की खरीद में नमी के नाम पर 500 से 600 रुपये प्रति क्विंटल तक कम भाव मिल रहा है। बारिश से धान भीगने, मंडियों में पर्याप्त जगह और तिरपाल की व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है। जीटी रोड़ पर 10 जिलों में 8.72 लाख मीट्रिक टन धान भीग गया तथा भिवानी दादरी की मंडियों में 5500 मीट्रिक टन बाजरा खराब हो गया ।

यूरिया और डीएपी के लिए भटक रहे किसान

किसान नेताओं ने कहा कि मंडियों में जीओ टैगिंग और बायोमेट्रिक जैसी प्रक्रियाओं ने खरीद को और धीमा कर दिया है। किसानों को रवी फसल के लिए प्रयाप्त बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है । किसान यूरिया और डीएपी खाद के लिए भटक रहे हैं, नहरों में पानी नहीं आ रहा तथा पेयजल संकट भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि खरीफ फसल 2023 में क्षेमा कम्पनी द्वारा 250 करोड़ रूपये किसानों के साथ किए गए फ्राड का भुगतान हेतु लम्बे संघर्ष के बाद हरियाणा सरकार ने क्षेमा कंपनी से ब्याज सहित भुगतान दिलाने का आदेश दिया था , वह भी लागू नहीं हो रहा है । झुप्पा से जींद-सोनीपत तक प्रस्तावित टावर लाइन के लिए उचित मुआवजा देने और किसानों के हितों की रक्षा करने की मांग की।

ये रहे मौजूद

संयुक्त किसान मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने सरकारी खरीद व्यवस्था दुरुस्त कर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मास्टर शेर सिंह , किसान नेत्री सन्तोष देशवाल , उर्मिल मंडीवाल , उपासना सिंह , कर्ण सिंह जैनावास , सुबेदार धनपत ओबरा , राजेश कुंगड़ , सतबीर सिंह घुसकानी , राजकुमार दलाल , नरेश कुमार शर्मा , रतन जिंदल , डा० फूल सिंह धनाना , महेन्द्र पाल यादव , प्रताप सिंह सिंहमार , निर्मल नाथुवास , अनिल शेषमा , दलबीर चैहड़ , महीपाल बिद्धनोई , मीर सिंह ओबरा , महेन्द्र तंवर , मंदर सिंह जांगड़ा, राजेंद्र धायल , माईराम कासनी , सतबीर ओबरा , रामसिंह ओबरा, उमेद गारनपुरा , दयानन्द फौजी पंघाल , ओम प्रकाश दलाल , कंवर सिंह जांगड़ा , कमल सिंह मैनेजर , रामनारायण , सहित दर्जनों किसान शामिल थे।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

लिटिल हार्ट्स कॉन्वेंट स्कूलमें हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया नवरात्रि का पर्व

भिवानी। लिटिल हार्ट्स कॉन्वेंट स्कूल, भिवानी में नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धा और उत्सव का माहौल देखने को मिला। विद्यालय के उप-प्रधान आनन्द प्रकाश गोयल व एम.डी. भावना गोयल ने बताया कि नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्नों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ नवरात्रि का पर्व मनाया। बच्चे सुंदर पारंपरिक परिधानों में सजे हुए थें। लड़कियां देवी माँ दुर्गा के नौ रूपों में और लड़के नन्हे राम के रूप में नजर आए। शिक्षकों ने बच्चों को नवरात्रि का महत्व समझाया और बताया कि क्यों नौ दिनों तक देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन का मुख्य आकर्षण नर्सरी के बच्चों द्वारा 'ऐगिरि नंदिनी' और 'जय अम्बे गौरी' जैसे भक्ति गीतों पर दी गई मनमोहक नृत्य प्रस्तुति रही। बच्चों ने रंग-बिरंगी डंडियों के साथ डांडिया भी खेला, जिससे पूरा माहौल खुशी और ऊर्जा से भर गया।

नहरों के जीर्णोद्धार पर खर्च होंगे 6,000 करोड़ रुपये : किरण चौधरी

- कहा—लोहारू के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवानी



पूर्व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने लोहारू हलके के सिवानी में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। सिवानी पहुंचने पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका स्वागत किया। सम्मेलन में किरण चौधरी ने लोहारू हलके से अपने परिवार के पीढ़ियों पुराने जुड़ाव, क्षेत्र में करवाए गए विकास कार्यों, नहरों के जीर्णोद्धार और किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर किरण चौधरी ने कहा कि विश्व बैंक के सहयोग से 6,000 करोड़ से अधिक की लागत से प्रदेश की जर्जर नहरों के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार और सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए सिंचाई सुविधाओं में सुधार के लिए काम कर रहे हैं। वर्ष 2023 के किसानों के मुआवजे के मुद्दे पर किरण चौधरी ने कहा कि उन्होंने संसद में किसानों की आवाज उठाई थी।

श्री अलख गोशाला में नंदीशाला पार्क का शुभारंभ, 101 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया

- गोसेवा को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं : जेपी दलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल



बहल। श्री अलख गौशाला में नंदीशाला पार्क का शुभारंभ करते हुए पूर्व मंत्री जेपी दलाल।

श्री अलख गोशाला में शनिवार को गोसेवा और सामाजिक समर्पण की भावना को समर्पित नवनिर्मित श्री नंदीशाला पार्क का शुभारंभ किया गया। स्व. जानकीदास चौधरी परिवार की ओर से करीब 25 लाख रुपये की लागत से तैयार इस पार्क में 101 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मंत्री जेपी दलाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने गोसेवा को श्रेष्ठ सेवा बताते हुए लोगों से इसे अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। गोशाला प्रधान गजानंद अग्रवाल ने बताया कि गोशाला परिसर में नंदीशाला पार्क निर्माण के लिए करीब 25 लाख रुपये का सहयोग दिया। इस अवसर पर महंत विकास गिरी, जिला पार्षद रविंद्र मढोली, प्रदीप मढोली, हनुमान शर्मा पाजू, सत्यनारायण चौधरी, डॉ. एसके सिन्हा, अजय बिंधनोई, नरेश सोनी आदि मौजूद रहे।

हरिद्वार लोस क्षेत्र में भाजपा ने प्रदेश के छह नेताओं को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



बैठक में विचार रखते मनवीर चौधरी।

भारतीय जनता पार्टी ने उत्तराखंड में आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में काशीपुर स्थित होटल में आयोजित दो दिवसीय संगठनात्मक वर्ग में हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न विधानसभाओं में संगठन को मजबूत करने की रणनीति तैयार की गई। पार्टी ने हरियाणा के छह वरिष्ठ नेताओं को इन क्षेत्रों में अहम जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इनमें चरखी दादरी निवासी मनवीर चौधरी भी शामिल हैं। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे। बैठक में संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में जिम्मेदारी संभालने वाले नेताओं में चरखी दादरी से मनवीर चौधरी, सोनीपत से सुशील बाल्यान, रोहतक से अजय शर्मा, शीशपाल, रोहतास नागर और प्रदीप भारद्वाज शामिल हैं।

श्रीराम कथा के सातवें दिन संत श्री रामझूलन दास महाराज ने दिए प्रवचन

केवट की निष्काम भक्ति ने जीता प्रभु श्रीराम का हृदय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। आयोजित श्रीराम कथा में प्रवचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय श्री दादू सेवक समाज के पावन तत्वावधान में राजश्री बैंक्वेट हॉल में आयोजित श्रीराम कथा के सातवें दिन पूज्य संत रामझूलन दास महाराज ने केवट प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। प्रभु श्रीराम और केवट के बीच भक्ति, प्रेम और समर्पण से जुड़े इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। संत श्री ने इस प्रसंग के माध्यम से समझाया कि ईश्वर के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्काम सेवा ही भक्ति का वास्तविक स्वरूप है। कथा का वर्णन करते हुए संत श्री रामझूलन दास महाराज ने बताया कि वनवास के दौरान जब प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण गंगा नदी के तट पर पहुंचे, तो उन्हें नदी पार करने के लिए नाव की आवश्यकता हुई। वहां उपस्थित केवट ने प्रभु श्रीराम को पहचान लिया और उनके चरणों में अपनी श्रद्धा व्यक्त की। केवट ने प्रभु को नाव में बैठाने से पहले उनके चरण धोने की इच्छा प्रकट की। उसकी इस अनूठी भक्ति और प्रेम ने इस प्रसंग को रामायण की सबसे भावपूर्ण घटनाओं में स्थान दिया है। संत श्री ने बताया कि केवट की भावना के पीछे प्रभु श्रीराम के प्रति उसकी अगाध श्रद्धा थी।

सुग्रीव-श्रीराम मित्रता और बाली वध का मंचन

चरखी दादरी। दादरी पुराना शहर स्थित रामलीला रंगमंच पर बीती रात स्थानीय कलाकारों ने श्रीराम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध और सीता की खोज से जुड़ी लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से भगवान श्रीराम की भक्ति, मित्रता, धर्म और न्याय के प्रसंगों को जीवंत कर दिया। रामलीला का शुभारंभ श्री गणेश वंदना के साथ हुआ। इस दौरान रामलीला कमेटी के प्रधान रविंद्र फोगाट और महासचिव संदीप फोगाट मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुभाष जैन, मास्टर रविंद्र वशिष्ठ, समाजसेवी सुरेश एरेन, सुशीला शर्मा और दीपक कुकरेजा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मंचन के दौरान पंचवटी लौटने पर श्रीराम और लक्ष्मण को माता सीता के नहीं मिलने का प्रसंग दिखाया गया। सीता की तलाश में व्याकुल श्रीराम ने वन के पेड़-पौधों, लताओं, पक्षियों और पशुओं से उनका पता पूछा। आगे चलकर दोनों भाइयों की भेंट परम भक्त माता शबरी से हुई।



भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाएं

बहल। श्री रामलीला नाट्य कला केंद्र की ओर से आयोजित रामलीला में हनुमानजी के लंका प्रवेश, लंका दहन और विभीषण की शरणागति के प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता हनुमान शर्मा पाजू मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने लोगों से भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने की अपील की। हनुमान शर्मा पाजू ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, मर्यादा, कर्तव्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में प्रेम, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं और बच्चों से रामायण के प्रसंगों से प्रेरणा लेकर अच्छे संस्कार अपनाने का आह्वान किया। रामलीला में दिखाया गया कि माता सीता की खोज में लंका पहुंचे हनुमानजी ने अशोक वाटिका में उनसे भेंट कर भगवान श्रीराम का संदेश दिया। इसके बाद रावण के दरबार में निर्भीकता से अपनी बात रखी। रावण के आदेश पर पूंछ में आग लगाए जाने के बाद हनुमानजी ने उसी अग्नि से लंका के विभिन्न हिस्सों में आग लगा दी। लंका दहन के दृश्य ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।



बहल। पूजा अर्चना करके रामलीला का मंचन शुरू करवाते हुए।

भरत मिलाप के मंचन ने दर्शकों को किया भाव-विभोर

लोहारू। आदर्श रामलीला मैदान में चल रहे रामलीला मंचन के दौरान बीते दिवस राजा दशरथ के निधन और भरत मिलाप के मार्मिक श्यों का मंचन किया गया। माता कैकेयी के वचनों के बंधे राजा दशरथ के आदेशों पर भगवान श्रीराम, सीता और लक्ष्मण 14 वर्ष के वनवास के लिए वनों की ओर रवाना हो जाते हैं। पुत्र वियोग में राजा दशरथ का निधन हो जाता है। छोटा भाई भरत, माता कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा के साथ वनों में जाके श्रीराम, सीता और लक्ष्मण को वापिस अयोध्या लाने का प्रयास करते हैं। लेकिन पिता की आदेशों को सर्वोपरि माने वाले भगवान श्रीराम लौटने से इंकार कर देते हैं और भरत श्रीराम के खड़ाऊ लेकर अयोध्या पहुंचते हैं।

न्यूज डायरी



प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वालों को दिए नोटिस

चरखी दादरी। डाइट बिरही कलां में पीजीटी फिजिक्स प्रवक्ताओं के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन हुआ। डीईओ धर्मेन्द्र चौधरी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर गतिविधियों की जानकारी ली। प्रशिक्षण में जिले के 20 भौतिक विज्ञान प्रवक्ता शामिल हुए। इसका उद्देश्य शिक्षकों को विषय से जुड़ी नवीन जानकारियों, पाठ्यक्रम में बदलावों और प्रभावी शिक्षण विधियों से अवगत करवाना रहा। डाइट के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं प्रशिक्षण प्रभारी नवरत्न पांडे ने डीईओं को प्रशिक्षण की गतिविधियों से अवगत करवाया। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले प्रवक्ताओं को जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए हैं, ताकि सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। डीईओ धर्मेन्द्र चौधरी ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण ज्ञान को अद्यतन रखने और शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। समापन अवसर पर डाइट प्रवक्ता डॉ. ओमप्रकाश पंवार ने आगामी कक्षा-कक्ष गतिविधियों की रूपरेखा बताई। इस दौरान लिपिक अभिमन्यु, अनदीप, संजय सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



सुनील ने सिवाड़ा स्कूल को भेंट किया आरओ

बवानीखेड़ा। सिवाड़ा निवासी डॉ. सुनील ने राजकीय उच्च विद्यालय सिवाड़ा के विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विद्यालय को आरओ भेंट किया। उनके इस सराहनीय प्रयास से विद्यार्थियों को विद्यालय समय के दौरान स्वच्छ पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर मुख्याध्यापक बीर सिंह, मुकेश मेहता, सुरेश शास्त्री, रेनू, सुशीला एवं प्रियंका उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने डॉ. सुनील द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

गेहूं के समर्थन मूल्य को लेकर जजपा करेगी प्रदर्शन



राजेंद्र हूई

चरखी दादरी। जननायक जनता पार्टी गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में मामूली बढ़ोतरी के विरोध में 21 अक्टूबर को प्रदेशभर में प्रदर्शन करेगी। पार्टी कार्यकर्ता प्रत्येक जिले में उपायुक्त के माध्यम से 25 रुपये का ड्राफ्ट प्रधानमंत्री के नाम भेजकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। यह जानकारी जजपा के जिला प्रवक्ता राजेंद्र हूई ने यहां जारी अपने बयान में दी। राजेंद्र हूई ने कहा कि गेहूं के समर्थन मूल्य में 25 पैसे प्रति किलो की बढ़ोतरी किसानों के साथ मजाक है। उन्होंने कहा कि पार्टी एसआईआर के मुद्दे पर भी विरोध जताएगी। उनके अनुसार, प्रदेश में 34 लाख वोट काटे जाने का मामला गंभीर है और जजपा इसे उठाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद और बीज की उपलब्धता के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है। लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियों का लाभ बड़े उद्योगपतियों को मिल रहा है, जबकि किसान, मजदूर, गरीब और शोषित वर्ग समस्याओं से जूझ रहे हैं। हूई ने बताया कि जजपा अपने स्थापना दिवस पर 6 दिसंबर को महेंद्रगढ़ में रैली आयोजित करेगी। रैली में पार्टी भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाएगी। इस अवसर पर सुनील चांदवास, कृष्ण बिंद्राबन, धर्मवीर हड़ौदा, तेजवीर काकड़ौली, संजीव काकड़ौली, संदीप धारणी, नवीन कारी, संदीप सिरसली, हरपाल हंसावास और विकास सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

'सीसीटीवी का नियंत्रण प्रभारी के हाथों में रहेगा'

भिवानी। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण ने प्रदेश के सभी बाल देखभाल संस्थानों में बच्चों की निजता, गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी व्यवस्था को लेकर वैधानिक निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने महिला एवं बाल विकास विभाग, संबंधित अधिकारियों और जिला बाल संरक्षण अधिकारियों को 15 दिन के भीतर अनुपालना रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। श्योराण ने आदेशों में कहा है कि आयोग द्वारा निरीक्षण के दौरान पाया कि कई बाल देखभाल संस्थानों में सीसीटीवी व्यवस्था को निजी मोबाइल फोन और लैपटॉप से जोड़ा गया है। इससे कैमरों की लाइव तस्वीरें और रिकॉर्डिंग कहीं से भी देखी, डाउनलोड या प्रसारित की जा सकती हैं, जिससे बच्चों की निजता और सुरक्षा को खतरा हो सकता है। आयोग परामर्श के अनुसार, सीसीटीवी व्यवस्था, उसकी रिकॉर्डिंग आदि पर केवल संस्थान के प्रभारी का नियंत्रण रहेगा। पहुंच केवल अधिकृत कर्मचारियों को दी जाएगी और साझा कूटशब्दों के इस्तेमाल पर रोक रहेगी।

काली माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

भिवानी। कोंट रोड मिनी बायपास स्थित काली माता मंदिर रोड पर बने दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में नवरात्रों के अवसर पर प्रतिदिन अखंड ज्योत प्रज्वलित की जा रही है। मंदिर में श्रद्धालु मां भगवती के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति व खुशहाली की कामना करते हैं। नवरात्रों के दौरान मंदिर में धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल बना रहता है। मंदिर की प्रबंधक उर्मिला सैनी ने कहा कि नवरात्र मां दुर्गा की आराधना का विशेष पर्व है। इन दिनों श्रद्धालु मां के विभिन्न स्वरूपों की पूजा कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। मंदिर में प्रतिदिन अखंड ज्योत प्रज्वलित कर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया जाता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन लोगों को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने के साथ अच्छे विचारों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देते हैं। उर्मिला सैनी ने कहा कि पूजा-पाठ के साथ मानव सेवा, जरूरतमंदों की सहायता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना भी जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अच्छे कर्मों को महत्व देना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से धार्मिक आयोजनों के दौरान स्वच्छता बनाए रखने और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

खबर संक्षेप

श्रद्धा और उत्साह से मनाया नवरात्रि उत्सव

चरखी दादरी। एचडी स्कूल बिरोहड़ में नवरात्रि के अवसर पर उत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और नवरात्रि के महत्व से परिचित करवाना तथा उनमें नैतिक मूल्यों और संस्कारों का विकास करना रहा। उत्सव में विद्यालय की प्रधानाचार्या नमिता दास, उप-प्रधानाचार्य नवीन सनसनवाल, प्राथमिक विभाग प्रभारी प्रीति पाहवा, प्राथमिक विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं और महिला कर्मचारियों ने भाग लिया।

तोशाम डांडिया नाइट 2026 कार्यक्रम कल

तोशाम। नवरात्रि के अवसर पर तोशाम में पहली बार मेगा डांडिया उत्सव 'तोशाम डांडिया नाइट 2026' का आयोजन 19 अक्टूबर सोमवार को आईडीबीआई बैंक के तत्वाधान में किया जाएगा। तोशाम के विद्याशिल्प स्मार्ट स्कूल प्रांगण में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम शाम 5 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा। वहीं आयोजन में गरबा और डांडिया के साथ मनोरंजन की विभिन्न गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

नवरात्रि एव दशहरा का कार्यक्रम आयोजित

भिवानी। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल , भिवानी में प्राचार्या डॉ. निर्मला नीतू के मार्गदर्शन में 'नवरात्रि एवं दशहरा महोत्सव' बड़े उत्साह, उमंग और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। दिल्ली वंडर वर्ल्ड स्कूल, भिवानी की प्राचार्या ज्योति वधवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि के साथ समारोह का शुभारंभ किया गया।

कल महाष्टमी और 20 को विजयदशमी



चरखी दादरी। शारदीय नवरात्र के समापन पर इस बार महाष्टमी और विजयदशमी की तिथियों को लेकर विशेष संयोग बन रहा है। डॉ. मनोज शास्त्री बलाली के अनुसार, उदय तिथि की मान्यता के आधार पर 19 अक्टूबर को महाष्टमी और 20 अक्टूबर को महानवमी के साथ विजयदशमी का पर्व मनाना शास्त्र सम्मत है। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर को श्रवण नक्षत्र में विजयदशमी का संयोग भी विशेष महत्व रखता है।

खेलकूद प्रतियोगिताओं में दिखाया दमखम, विजेताओं को किया सम्मानित

खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का होता विकासः सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

एन.एन.एस. राजकीय महाविद्यालय में आयोजित 53वीं दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शनिवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। समारोह में भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ मुख्य अतिथि तथा सेवानिवृत्त प्राचार्य मंजु गौतम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जगबीर सिंह श्योराण ने अतिथियों का गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर छात्राओं ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. जगबीर सिंह श्योराण ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। खेलों से विद्यार्थियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है तथा उनमें अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व जैसे गुण विकसित होते हैं। उन्होंने खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की सराहना की। साथ ही प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए डॉ. वजीर सिंह गोयत, डॉ. मितेश शर्मा और डॉ. कपिल शर्मा को बधाई दी। विशिष्ट अतिथि मंजु गौतम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों में जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण सहभागिता, परिश्रम और खेल भावना है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि और प्राचार्य ने प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। छात्राओं के वर्ग में भूमिका और छात्रों के वर्ग में मनीष सर्वश्रेष्ठ एथलीट रहे। इस अवसर पर डा. राजकुमार, डा. हरिओम शर्मा, डा. पंकज शर्मा, डा. कुलवीर सिंह, डा. सुरेंद्र कुमार, डा. देवेंद्र सिंह दलाल, डॉ. प्रदीप कुमार, प्रो. रणधीर सिंह समोता, डॉ. धर्मवीर सिंह जाखड़, डॉ. आनंद प्रकाश सहारण आदि रहे।



भिवानी। प्रतियोगिता में भाला फेंकते एक प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि



भिवानी। प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

ये रहे परिणाम

5000 मीटर दौड़ की छात्र वर्ग में प्रथम स्थान पर प्रिंस बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर आशीष, बी.ए. प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान पर योगेश, बी.ए. प्रथम वर्ष रहे। गोला फेंक (छात्र वर्ग) में प्रथम स्थान पर दीपांशु बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान यश, बी.ए. प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान अरुण बी.ए. द्वितीय वर्ष रहे। . गोला फेंक (छात्रा वर्ग) में प्रथम स्थान पर भूमिका बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वतीय स्थान पर ज्योति बी.ए. द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान पर मुसकान बी.एससी. प्रथम वर्ष रही। लंबी कूद (छात्र वर्ग) में प्रथम स्थान पर मनीष बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर नवीन बी.ए. प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान पर दीपक बी.ए. प्रथम वर्ष रहे।

हिमांशी भारद्वाज ने जीता रजत पदक



चरखी दादरी। जिला स्तरीय खेल महाकुंभ में दादरी की होनहार खिलाड़ी हिमांशी भारद्वाज ने पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल करने वाली हिमांशी की उपलब्धि पर परिजनों और शहर के गणमान्य लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कक्षा आठवीं की छात्रा हिमांशी भारद्वाज स्टार वर्ल्ड शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। । परिजनों ने बताया कि हिमांशी के पिता दिवंगत चिकित्सक डॉ. हिमांशु का सपना था कि उनकी बेटी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक तक पहुंचे और देश का नाम रोशन करे।



शैक्षणिक व व्यावहारिक सर्वेक्षण यात्रा संपन्न

भिवानी। एमएनएस राजकीय महाविद्यालय, भिवानी के भूगोल विभाग द्वारा स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए चार दिवसीय शैक्षणिक एवं व्यावहारिक क्षेत्र सर्वेक्षण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। 14 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित इस अध्ययन दौरे में विद्यार्थियों ने भौतिक, सामाजिक-आर्थिक तथा सांस्कृतिक भूगोल के विविध पहलुओं का प्रत्यक्ष एवं व्यावहारिक अध्ययन किया। शैक्षणिक यात्रा के समापन पर महाविद्यालय के प्राचार्य जगबीर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने विशेष संदेश में इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भूगोल जैसे विषय में कक्षा के ज्ञान के साथ-साथ मैदानी सर्वेक्षण का अत्यधिक महत्व है। इस प्रकार के शैक्षणिक दौरों से विद्यार्थियों में व्यावहारिक समझ, शोध दृष्टिकोण और निर्णय क्षमता का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और भूगोल विभाग के इस प्रयास की सराहना की। सर्वेक्षण के दौरान मुख्य रूप से हरिद्वार, ऋषिकेश तथा देहरादून क्षेत्र में बहने वाली गंगा नदी एवं उसकी सहायक घाटियों का विस्तृत अध्ययन किया गया। विद्यार्थियों ने नदी घाटी में रिवर राफ्टिंग के माध्यम से नदी के तेज प्रवाह, क्षिप्रिकाओं तथा जल-प्रपातों/जल-गतिज विशेषताओं का नजदीक से अनुभव किया।



बीके स्कूल में हुई नृत्य प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

बवानीखेड़ा। बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,बवानी खेड़ा में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के मध्य अंतर्सदनीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा.शांतिनिकेतन सदन प्रथम स्थान इंद्रप्रस्थ सदन द्वितीय स्थान एवं नालंदा सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक वर्ग को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि हम सब यहां सीखने आते हैंए आप कोशिश करें कि प्रतिपल कुछ ना कुछ सीखते रहे।सदैव अपनी ओर से अच्छा सीखने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए। विद्यार्थियों से उन्होंने यह भी कहा कि आपका संपूर्ण शिक्षक वर्ग आपको विकसित होने में भरपूर सहयोग देता है। आप अनुशासन में रहते हुए कोई भी मुकाम हासिल कर सकते हैं एवं किसी भी क्षण को आनंद पूर्वक व्यतीत कर सकते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ विभाग प्रमुख योगेंद्र सिंह कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजू मलिक सोनम मीनू वालिया मीनाक्षी सिंपी रानी सतेंद्र तंवर सुधांशु सोनू तथा अनिता आदि माध्यमिक विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

सुमन सैनी ने सुनीता दांगी से की मुलाकात महिला सशक्तीकरण पर की विस्तार से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने हरियाणा महिला विकास निगम की चेयरपर्सन सुनीता दांगी के निवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक सरोकारों, जनकल्याण और महिला सशक्तीकरण से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। सुनीता दांगी ने सुमन सैनी का अपने निवास पर पहुंचने पर स्वागत किया। बातचीत के दौरान सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार जनहित को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। चेयरपर्सन सुनीता दांगी ने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन को बढ़ावा देना सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दिशा में सरकार के साथ सामाजिक संगठनों और आमजन की भागीदारी भी आवश्यक है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राष्ट्र दीप परमार, चेयरमैन बक्शीराम सैनी, बलराम गुप्ता और सुधीर शर्मा चांदवास सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



चरखी दादरी। सुमन सैनी का स्वागत करतीं चेयरपर्सन सुनीता दांगी व अन्य।

सोनाक्षी का प्री-रिपब्लिक डे शिविर के लिए चयन

लोहारू। सावित्री बाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्रा सोनाक्षी का नॉर्थ जोन प्री-रिपब्लिक डे शिविर के लिए चयन हुआ है तथा इसके लिए छात्रा ने भिवानी स्थित चौ बंसीलाल राजकीय विवि में आयोजित विवि स्तरीय ट्रायल में हिस्सा लिया। छात्रा के उक्त चयन पर प्राचार्य और स्टाफ सदस्यों ने बधाई दी है। यह जानकारी देते हुए एनएसएस प्रभारी डॉ निशा ने बताया कि कॉलेज छात्रा सोनाक्षी का नॉर्थ जोन प्री रिपब्लिक डे शिविर के लिए चयन हुआ है तथा छात्रा का चौ बंसीलाल विवि में आयोजित विवि स्तरीय ट्रायल हो चुका है। अब छात्रा राज्य स्तरीय ट्रायल के लिए हिसार के चौ चरण डूषसह विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में हिस्सा लेगी।

आरटीई लागू होने से पहले की शिक्षक भर्तियों पर टीईटी की शर्त का विरोध

- संजय शास्त्री बोले, नियम लागू होने से 25 लाख से अधिक शिक्षक और उनके परिवार होंगे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान संजय शास्त्री ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 से पहले भर्ती हुए शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की शर्त लागू करने को अव्यावहारिक बताते हुए इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर यह शर्त लागू करना अनुचित है। इससे देशभर के 25 लाख से अधिक शिक्षकों और उनके परिवारों का भविष्य प्रभावित हो सकता है। संजय शास्त्री शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति कन्या प्राथमिक पाठशाला दादरी में आयोजित अध्यापक प्रशिक्षण शिविर में शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आरटीई अधिनियम 2009 में ऐसा कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। इस अवसर पर खंड सचिव जगबीर सिंह, नसीब, सुनील कुमार, गुणपाल, जिले सिंह पिलानिया, सरोज रानी और उर्मिल फोगाट सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।



चरखी दादरी। शिक्षकों को संबोधित करते संजय शास्त्री। फोटो: हरिभूमि

कैम में ब्रेन बज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दो टीमों ने संयुक्त रूप से हासिल किया पहला स्थान

चरखी दादरी। स्थानीय केदारनाथ अग्रवाल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में ब्रेन बज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 15 टीमों ने भाग लेकर अपनी सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति और बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। प्रतियोगिता में फैक्ट फाइंडर्स, ब्रेन हंटर्स, थिंक ट्रिक्स, चेरीब्रो चैप्स, थिंक थिंकर्स, ब्रेन स्टॉर्मर्स, नॉलेज नाइट्स, माइंड वॉल्ट्स, नेक्स्ट माइंड्स, जीनियस ग्लूड, क्विजाइर्स, एनिग्मा एलीट, ट्रिकी क्वेस्ट और क्विजोफाइल्स सहित अन्य टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में डॉ. निधि श्योराण और डॉ. पूनम तलवार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के परिणामों में थिंक ट्रिक्स टीम के राहुल, अनिल और अरविंद तथा नेक्स्ट माइंड्स टीम की वर्णिका, खुशबू और निष्ठा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

6800 लोगों ने ली थी नशामुक्ति की शपथ

तोशाम। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, मेडिकल विंग (आरईआरएफ) द्वारा संचालित 'नशामुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत तोशाम क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं समर्पित सेवाएं देने पर तोशाम सेवा केंद्र प्रभारी बीके मंजू को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू (राजस्थान) के शांतिवन स्थित विशाल डायमंड हॉल में आयोजित भव्य राष्ट्रीय सम्मेलन में संस्था के अतिरिक्त महासचिव एवं मेडिकल विंग के उपाध्यक्ष बीके डॉ. प्रताप मिड्ढा द्वारा बीके मंजू को 'सेवा प्रेरणा सम्मान' प्रमाणपत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। तोशाम सेवा केंद्र की प्रभारी बीके मंजू के कुशल नेतृत्व में क्षेत्र के 12 से अधिक प्रमुख विद्यालयों और महाविद्यालयों में सघन जन-जागरण अभियान चलाया गया था।

विज्ञान प्रश्नोत्तरी में शास्त्री और सुभाष सदन ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

गांव कादमा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंतरसदनीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए विज्ञान विषय से जुड़े सवालों के जवाब देकर अपनी प्रतिभा और ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता वरिष्ठ और कनिष्ठ, दो वर्गों में करवाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक मुन्नालाल शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता का संचालन जीव विज्ञान प्रवक्ता सतवंती, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता संजय और रसायन विज्ञान प्रवक्ता सोनू ने किया। निदेशक मुन्नालाल शर्मा ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में विद्यार्थियों को ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इससे उनके ज्ञान में वृद्धि होने के साथ आत्मविश्वास भी मजबूत होता है। प्राचार्या निशा शर्मा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनसे बच्चों की झिझक दूर होती है और उन्हें अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में शास्त्री सदन ने प्रथम, भगत सिंह सदन ने द्वितीय, पटेल सदन ने तृतीय और सुभाष सदन ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।



चरखी दादरी। विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

सरकार कर रही है शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधारः मीना परमार



भिवानी। शहीद भगत सिंह चौक स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निपुण योजना की छह दिवसीय कार्यशाला के समापन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को प्रमाण पत्र भेंट किए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार किए जा रहे हैं। स्कूली शिक्षा के साथ-साथ लड़कियों की उच्च शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा में रचनात्मक और गुणात्मक सुधार को लेकर अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि निपुण योजना के तहत समझ और संख्यात्मकता के साथ पढ़ने में यह एक राष्ट्रीय पहल है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295154800, 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

निरीक्षण

प्रदेश में सरकार 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही: सिचाई मंत्री

किसानों को किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है : श्रुति चौधरी

सरकार द्वारा बाजरे का भाव 2900 रूपये प्रति किवंटल निर्धारित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

प्रदेश की सिंचाई एवं जल संसाधन तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने जुई अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर बाजरे की खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्रुति चौधरी ने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है, किसान की चिंता सरकार को है। भाजपा सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। किसान की मेहनत बेकार नहीं जाने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बाजरे का भाव 2900 रूपये प्रति किवंटल निर्धारित किया गया है। सरकार बाजरे के लिए 600 रुपए प्रति क्विंटल भावांतर भरपाई राशि देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में किसानों के लिए पीने के पानी व अन्य मुलभुत सुविधाए सुनिश्चित करें।



तोशाम। बाजरे की खरीद का जायजा लेती मंत्री श्रुति चौधरी। फोटो: हरिभूमि

ये रहे मौजूद

वहीं दूसरी ओर केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने अपने पैतृक गाँव गोलागढ़ में पहुंचकर अनूप पुत्र बनबीर सिंह के निधन पर शोक प्रकट कर परिवार को सांत्वना देकर उनका ढाढ़स बढ़ाया। इस अवसर पर चेयरमैन चौधरी शीशराम गोलागढ़, कृष्णा लेघां, राजा सरपंच, प्रदीप गोलागढ़, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष मेजर मीरसिंह, दिलबाग नीमड़ी, अमित बापोंड़ा, सत्यनारायण शर्मा, जयपाल, सतीश वर्मा कैरू मंडल अध्यक्ष, रमेश लालावास बीएलए वन, अरुण मंडल महामंत्री, अनिल मंडल उपाध्यक्ष, चंद्रपाल सरपंच, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता दिनेश कुमार, कार्यकारी अभियंता अनुराग जिंदल, नवीन कुमार, सुरेंद्र सिंह,मार्केट कमेटी के सचिव संजीव फोगाट, महिला एवं बाल विकास विभाग की पीओआईसीडीएस राणा, सीडीपीओ किरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

यूनियन ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

बाढड़ा। भारतीय किसान यूनियन (चरखी दादरी) ने एसआईआर प्रक्रिया के विरोध में शनिवार को उपमंडल कार्यालय के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने मांग की कि जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं, उनके नाम दोबारा जोड़े जाएं और किसी भी पात्र मतदाता को मतदान के अधिकार से वंचित न किया जाए। ज्ञापन में किसान यूनियन ने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के प्रधान हरपाल सिंह, रामअवतार लाड, कमल सिंह हड़ौदी, पूर्व सरपंच गिरधारी, पृथ्वी सिंह, राधेश्याम, अ8ार सिंह, सुखवीर, सत्यवीर, पवन, रघवीर, मांगे राम, महेंद्र, रणधीर,ईश्वर सिंह नंबरदार, राजेंद्र सिंह आदि मौजूदइ रहे।